Join Telegram Group "HaryanaJobs.in"

# UP Police Constable 24 Aug 2024 2nd Shift Question Paper

1. यदि ABC का कोड ZYX है, तो DEF का कोड क्या है ?
If the code for ABC is ZYX, what is the code for DEF ?
(A) VUT (B) WVU (C) VWU (D) UVW

2. असमान संख्या युग्म ज्ञात कीजिए।
Find the dissimilar pair of numbers.
(A) $\frac{4}{7}, \frac{12}{25}$ (B) $\frac{2}{4}, \frac{8}{16}$ (C) $\frac{3}{9}, \frac{27}{81}$ (D) $\frac{2}{5}, \frac{12}{30}$

3. एक समतल (प्लेन) एक नियमित चतुष्फलक (टेट्राहेड्रॉन) का इस तरह से प्रतिच्छेदन करता है कि प्रतिच्छेद (इंटरसेक्शन) एक समबा
त्रिभुज (इक्विलैटेरल ट्राएंगल) बनाता है। ऐसे कितने समतल (प्लेन्स) ऐसा कर सकते हैं ?
A plane intersects a regular tetrahedron in such a way that the intersection forms an equilateral triangl
How many such planes can do this ?
(A) 4 (B) 1 (C) 2 (D) 3


4. चार मित्र एक पंक्ति में बैठे हैं। सैम, टॉम के दाईं ओर है। एमी, टॉम के बाईं ओर है लेकिन उसके बगल में नहीं है। रिक, एमी और टॉ
के बीच है। सबसे दाएँ कौन बैठा है ?
(A) टॉम (B) सैम (C) एमी (D) रिक
Four friends are sitting in a row. Sam is to the right of Tom. Amy is to the left of Tom but not next to hin
Rick is between Amy and Tom. Who is sitting at the far right ?
(A) Tom (B) Sam (C) Amy (D) Rick

5. अरुण ने ₹ 800 में एक साइकिल खरीदी और फिर उसे ₹ 920 में बेच दिया। उसका लाभ प्रतिशत क्या है ?
Arun bought a cycle for ₹ 800 and then sold it for ₹ 920. What is his profit percentage ?
(A) 10 (B) 15 (C) 20 (D) 30

6. निम्नलिखित में से विषम (बेजोड़) को चुनिए।
Pick out the odd one from the following.
(A) 9 (B) 3 (C) 17 (D) 19

7. एक आकृति दी गई है। आपको यह पहचानना है कि इस आकृति को बनाने के लिए निम्नलिखित में से किस टुकड़े की आवश्यक
*नहीं* होती।
A figure is given. You have to identify which among the following pieces is ***not*** required to make th
figure.

*दी गई आकृति / Given figure :*



(A)  (B)  (C)  (D) 



Scanned with OKEN Scanner

Join Telegram Group "HaryanaJobs.in"

8. विषम को ज्ञात कीजिए।
Find the odd one out.

(A)  (B)  (C)  (D) 


9. दी गई श्रृंखला से X ज्ञात कीजिए।
Find X from the given series.
64, 57, 50, X, 36, ...

(A) 42 (B) 43 (C) 44 (D) 48



10. श्रृंखला में अगली संख्या ज्ञात कीजिए।
Find the next number in the series.
280, 275, 265, 245, ...

(A) 205 (B) 210 (C) 220 (D) 215

11. दिए गए विकल्पों में से विषम (बेजोड़) को ज्ञात कीजिए।
(A) मिल्कशेक (B) बर्गर (C) पिज़्ज़ा (D) कुकीज़
Find the odd one out from the given alternatives.
(A) Milkshake (B) Burger (C) Pizza (D) Cookies

12.  ?

नीचे दिए गए विकल्पों में से उपर्युक्त श्रृंखला में अगली आकृति ज्ञात कीजिए।
Find the next figure in the above series from the options given below.

 I  II  III  IV  V

(A) IV (B) V (C) II (D) III

13. श्रृंखला में अगली आकृति को ज्ञात कीजिए।
Find the next figure in the series.

 ?

(A)  (B)  (C)  (D) 



Scanned with OKEN Scanner

Join Telegram Group "HaryanaJobs.in"

14. श्रृंखला में से विषम (बेजोड़) को ज्ञात कीजिए।


Find the odd one out in the series.

B4, D16, F38, H64, J100

(A) H64 (B) F38 (C) B4 (D) D16

15. आकृति में त्रिभुजों की संख्या ज्ञात कीजिए।

Find the number of triangles in the figure.



(A) 16 (B) 12 (C) 18 (D) 14

16. एक तस्वीर में एक आदमी की ओर इशारा करते हुए आशा ने कहा, "उसकी माँ की इकलौती बेटी मेरी माँ है।" आशा उस आदमी से किस प्रकार संबंधित है ?

(A) भतीजा (B) पत्नी (C) बहन (D) भांजी

Pointing to a man in a photograph, Asha said "His mother's only daughter is my mother." How is Asha related to that man ?

(A) Nephew (B) Wife (C) Sister (D) Niece


17. निम्नलिखित में से विषम को चुनिए।

Select the odd one out from the following.

(A) 23 (B) 63 (C) 17 (D) 11

18. एक पासे की निम्नलिखित स्थितियों का अध्ययन कीजिए और निर्धारित कीजिए कि तीन बिंदुओं वाले पासे के फेस के विपरीत वाले पासे के फेस पर कितने बिंदु हैं।

Study the following positions of a dice and determine how many dots are there on the dice face opposite the one with three dots.



(A) 6 (B) 2 (C) 4 (D) 5

19. एक लड़की की ओर इशारा करते हुए विनोद ने कहा, "वह मेरे पिता की इकलौती बहन की बेटी है।" विनोद उस लड़की से किस प्रकार संबंधित है ?

(A) दादा (B) मामा (C) कज़िन (D) पिता

Pointing to a girl, Vinod said "She is the daughter of the only sister of my father." How is Vinod related to the girl ?

(A) Grandfather (B) Uncle (C) Cousin (D) Father



Scanned with OKEN Scanner

Join Telegram Group "HaryanaJobs.in"

प्र. सं. 20 से 24 गद्यांश प्रश्न

जीवन के फैसले मनुष्य को स्वयं करने होते हैं, इसलिए आदमी को आत्मनिर्भर होना चाहिए। अब तुम्हें क्या करना चाहिए, इसका ठीक-ठीक उत्तर तुम्हीं को देना होगा, दूसरा कोई नहीं दे सकता। कैसा भी विश्वासपात्र मित्र हो, तुम्हारे इस काम को वह अपने ऊपर नहीं ले सकता। हम अनुभवी लोगों की बातों को आदर के साथ सुनें, बुद्धिमानों की सलाह को कृतज्ञतापूर्वक मानें, पर इस बात को निश्चित समझकर कि हमारे कामों से ही हमारी रक्षा व हमारा पतन होगा, अपने विचार और निर्णय की स्वतंत्रता को दृढ़तापूर्वक बनाए रखना चाहिए। जिस पुरुष की दृष्टि सदा नीची रहती है, उसका सिर कभी ऊपर न होगा। नीची दृष्टि रखने से यद्यपि रास्ते पर रहेंगे पर इस बात को न देखेंगे कि यह रास्ता कहाँ ले जाता है। अपने व्यवहार को मृदुल बनाए रखो। कठोरता, उद्दंडता और अक्खड़पन कतई नहीं हो। अपने व्यवहार में कोमल रहो और अपने उद्देश्यों को उच्च रखो, इस प्रकार नम्र और उच्चाशय दोनों बनो। अपने मन को कभी मरा हुआ न रखो।

20. निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प सूक्ति है ?
(A) जिस पुरुष की दृष्टि सदा नीची रहती है, उसका सिर कभी ऊपर न होगा।
(B) जीवन के फैसले मनुष्य को स्वयं करने होते हैं।
(C) अपने व्यवहार को मृदुल बनाए रखो।
(D) नम्र और उच्चाशय दोनों बनो।

21. निम्नलिखित में से किस शब्द का अर्थ 'कोमल' है ?
(A) कृतज्ञ (B) निश्चित (C) उद्दंड (D) मृदुल

22. प्रस्तुत गद्यांश का उचित शीर्षक है :
(A) हमारा पतन (B) आत्मनिर्भरता (C) हमारी रक्षा (D) फैसले करो

23. हम अपने जीवन के फैसले लेने में कैसे आत्मनिर्भर बन सकते हैं ?
(A) बुद्धिमानों की सलाह को कृतज्ञतापूर्वक मानकर।
(B) अपने विचार और निर्णय की स्वतंत्रता को बनाए रखकर।
(C) विश्वासपात्र मित्र का सहारा लेकर।
(D) अनुभवी लोगों की बातें सुनकर।

24. व्यवहार की मृदुलता :
(A) पतन होने से बचाती है। (B) कठोर बनाती है।
(C) नम्र और उच्चाशय बनाती है। (D) मन को मरने नहीं देती।

25. कबीर की उलटबांसियों में कौन-सा रस प्रमुख है ?
(A) शांत रस (B) वीभत्स रस (C) अद्भुत रस (D) करुण रस

26. निम्नलिखित में से सही लोकोक्ति का चयन कीजिए :
(A) न नौ मन तेल होगा न राधा नाचेगी। (B) न दस मन तेल होगा न राधा नाचेगी।
(C) न नौ किलो तेल होगा न राधा नाचेगी। (D) न नौ मन पानी होगा न राधा नाचेगी।

27. निम्नलिखित में से कौन-सा जोड़ा समरूपी भिन्नार्थक है ?
(A) अभिनय – नाटक (B) अवधि – अवधी (C) अनुचर – नौकर (D) आदि – अन्त

28. 'चरणकमल' में समास है :
(A) तत्पुरुष (B) कर्मधारय (C) बहुव्रीहि (D) द्वंद्व

29. 'सरोज' शब्द का पर्यायवाची शब्द चयन कीजिए :
(A) अरविन्द (B) गुलाब (C) कुमुद (D) शिरीष



Scanned with OKEN Scanner

Join Telegram Group "HaryanaJobs.in"

30. "अस्थिर विचार वाला व्यक्ति कुछ भी नहीं कर पाता" के भाव को अभिव्यक्त करने वाली सही कहावत कौन-सी है ?
(A) ढोल के भीतर पोल
(B) दुविधा में दोनों गए माया मिली न राम
(C) ढाक के तीन पात
(D) तख़्त या तख़्ता

31. सही अर्थ वाला शब्द-युग्म कौन-सा है ?
(A) शर – सर = बाण – भला आदमी
(B) आकर – आकार = खान – आकृति
(C) कुल – कूल = वंश – शीतल
(D) निर्जर – निर्झर = शुरू – झरना

32. 'मनोबल' में कौन-सी सन्धि है ?
(A) विसर्ग (B) दीर्घ (C) स्वर (D) व्यंजन

33. विग्रह की दृष्टि से दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प अनुचित है ?
(A) देश पर निकाला (B) वन में वास (C) जल की धारा (D) चंद्र का प्रकाश

34. हिंदी में मूलतः वर्णों की संख्या कितनी है ?
(A) 53 (B) 50 (C) 51 (D) 52

35. 'घ' का उच्चारण स्थान कौन-सा है ?
(A) दन्त (B) मूर्धा (C) कण्ठ (D) तालु

36. घुड़दौड़ किस समास का उदाहरण है ?
(A) द्विगु समास (B) द्वंद्व समास (C) अव्ययीभाव समास (D) तत्पुरुष समास

37. 'अंधा युग' किसकी कृति है ?
(A) धर्मवीर भारती (B) नरेन्द्र शर्मा (C) मुक्तिबोध (D) केदारनाथ अग्रवाल

38. निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य का चयन कीजिए :
(A) आतंकियों को रिहा करना मूर्खता होगा।
(B) आतंकवादियों को रिहा करना मूर्खता होगा।
(C) आतंकवादियों को रिहा करना मूर्खता होगी।
(D) आतंकियों को रिहा करना मूर्खता होंगे।

39. 'प्रेम में भगवान' रचना के लिए जैनेन्द्र को किस पुरस्कार से सम्मानित किया गया है ?
(A) देव पुरस्कार
(B) व्यास सम्मान
(C) भारत सरकार शिक्षा मंत्रालय पुरस्कार
(D) सरस्वती सम्मान

40. हिंदी की 'ठ' ध्वनि है :
(A) ओष्ठ्य (B) कंठ्य (C) तालव्य (D) मूर्धन्य

41. निम्नलिखित में से पर्यायवाची समूह का कौन-सा युग्म सही *नहीं* है ?
(A) मेघ – वारिधर (B) सरस्वती – वागीश (C) समुद्र – आदित्य (D) शरीर – कलेवर

42. 'सोरठा छंद' की विषम पंक्तियों में कितनी मात्राएँ होती हैं ?
(A) 22 (B) 12 (C) 13 (D) 11

43. 'के लिए' किस कारक का चिह्न है ?
(A) अपादान (B) कर्म (C) सम्प्रदान (D) सम्बन्ध

44. 'इन्द्रिय' का विशेषण शब्द है :
(A) ऐन्द्रिय (B) इन्द्रिय (C) इन्द्रिक (D) ऐंद्री

45. 'अनुरूप' में कौन-सा समास है ?
(A) अव्ययीभाव (B) तत्पुरुष (C) बहुव्रीहि (D) कर्मधारय



Scanned with OKEN Scanner

Join Telegram Group "HaryanaJobs.in"

46. 'लोकायतन' कृति के लिए सोवियत लैंड नेहरू पुरस्कार किसे दिया गया था ?
(A) रामविलास शर्मा (B) सुमित्रानंदन पंत (C) गोविंद मिश्र (D) केदारनाथ

47. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द पुल्लिंग है ?
(A) आभार (B) दया (C) माया (D) भाषा

48. 'पशु-पांशु-पण' का क्रमशः सही अर्थ प्रकट करने वाला शब्द-युग्म है :
(A) जानवर-मूल्य-प्रतिज्ञा (B) पतंगा-रात्रि-गंध (C) नेवला-घाव-उड़द (D) जानवर-रेत-मूल्य

49. 'अ' उपसर्ग से बना शब्द है :
(A) अधपका (B) अवगत (C) अनहित (D) अथाह

50. 'अमिय' का पर्यायवाची शब्द है :
(A) आम्र (B) विष (C) सुधा (D) मधुप

51. निम्नलिखित में से कौन-सा स्वर संधि का उदाहरण है ?
(A) पवन (B) संयोग (C) मनोहर (D) नमस्कार

52. 'गीदड़' का स्त्रीलिंग क्या होगा ?
(A) गीदड़िया (B) गीदड़िन (C) गीदड़ (D) गीदड़ी

53. जो क्रिया अभी हो रही हो, उसे कहते हैं :
(A) संदिग्ध भूत (B) सामान्य वर्तमान (C) अपूर्ण वर्तमान (D) संदिग्ध वर्तमान

54. निम्नलिखित वाक्यों में से किस वाक्य में आसन्न भूत है ?
(A) हो सकता है मैं भी चलूँ। (B) वे दिल्ली चले गए।
(C) मोहित स्कूल पहुँच चुका है। (D) शिक्षक पढ़ा रहे होंगे।

55. निम्नलिखित वाक्यों में से समुच्चयबोधक अव्यय किस वाक्य में है ?
(A) जहाँ तक हो सके, आइएगा। (B) चिड़िया पेड़ पर है।
(C) सीता और गीता पढ़ती हैं। (D) सत्य बोलना चाहिए।

56. 'कंजूसी से धन व्यय करने वाला' के लिए एक शब्द है :
(A) मसृण (B) चिरस्थायी (C) अल्पव्ययी (D) कृपण

57. 1. X2Y का अर्थ है X, Y की बहन है
2. X3Y का अर्थ है X, Y का पुत्र है
3. X8Y का अर्थ है X, Y का पति है
4. X5Y का अर्थ है X, Y की पत्नी है

निम्नलिखित में से किसका अर्थ है कि K, H की सास है ?

1. X2Y means X is the sister of Y
2. X3Y means X is the son of Y
3. X8Y means X is the husband of Y
4. X5Y means X is the wife of Y

Which of the following means that K is the mother-in-law of H ?
(A) H 8 I 2 J 3 K 5 L (B) H 3 I 5 J 3 K 8 L (C) H 2 I 5 J 3 K 8 L (D) H 5 I 3 J 8 L 2 K



Scanned with OKEN Scanner

Join Telegram Group "HaryanaJobs.in"

58. यदि 987 को 123, 741 को 369 के रूप में कोडित किया जाता है, तो 269 को किस प्रकार कोडित किया जाएगा ?
If 987 is coded as 123, 741 as 369, then 269 will be coded as :
(A) 841 (B) 367 (C) 840 (D) 356

59. यदि एक ट्रेन एक खंभे को 15 सेकण्ड में पार करती है, तो 90 किमी/घंटा की गति से यात्रा करने वाली इस ट्रेन को 600 मीटर लंबे पुल को पार करने में कितना समय लगेगा ?
(A) 39 सेकण्ड (B) 35 सेकण्ड (C) 42 सेकण्ड (D) 37 सेकण्ड
If a train crosses a pole in 15 seconds, how long will it take for the train, travelling at a speed of 90 km/hr, to cross a bridge that is 600 meters long ?
(A) 39 seconds (B) 35 seconds (C) 42 seconds (D) 37 seconds

60. S, V का देवर है। P, S और T का पिता है, और T, M का पिता है। V, R की बहू है। P, V से किस प्रकार संबंधित है ?
(A) बेटा (B) ससुर (C) पिता (D) भाई
S is the brother-in-law of V. P is the father of S and T, who is the father of M. V is the daughter-in-law of R.
How is P related to V ?
(A) Son (B) Father-in-law (C) Father (D) Brother

61. नमिता, प्रिया से लम्बी है लेकिन माधुरी जितनी लम्बी नहीं है। रीना, नमिता से लम्बी नहीं है लेकिन सबसे छोटी भी नहीं है। उनमें से तीसरा सबसे लंबा कौन है ?
(A) माधुरी (B) प्रिया (C) नमिता (D) रीना
Namita is taller than Priya but not as tall as Madhuri. Reena is not taller than Namita but is not the shortest.
Who among them is the third tallest ?
(A) Madhuri (B) Priya (C) Namita (D) Reena

62. अनुक्रम 1, 2, 6, 24, 120 में अगली संख्या क्या है ?
In the sequence 1, 2, 6, 24, 120, what is the next number ?
(A) 720 (B) 360 (C) 480 (D) 650

63. श्रृंखला 6, 24, 60, 120, ____ में अगली संख्या ज्ञात कीजिए।
Find the next number in the series 6, 24, 60, 120, ____.
(A) 210 (B) 236 (C) 216 (D) 218

64. असमान पद ज्ञात कीजिए।
Find the dissimilar term.
P49, T4, Z64, K9.
(A) Z64 (B) P49 (C) K9 (D) T4

65. सादृश्य पूरा कीजिए :
ऑक्सीजन : जलाना :: ? : बुझाना
(A) हीलियम (B) हाइड्रोजन (C) नाइट्रोजन (D) कार्बन डाइऑक्साइड
Complete the analogy :
Oxygen : Burn :: ? : Extinguish
(A) Helium (B) Hydrogen (C) Nitrogen (D) Carbon dioxide

Join Telegram Group "HaryanaJobs.in"

66. जब आप अंग्रेजी वर्णमाला को पिछड़े (उलट) क्रम में लिखते हैं, तो दाएँ से छठे अक्षर के बाएँ से 13वाँ अक्षर कौन-सा है ?
Which is the 13th letter to the left of the 6th letter from the right when you write the English alphabets in backward order ?
(A) I (B) T (C) H (D) S

67. यदि किसी महीने की 5 तारीख को गुरुवार पड़ेगा, तो उस महीने की 20 तारीख के तीन दिन बाद कौन-सा दिन आएगा ?
(A) रविवार (B) सोमवार (C) मंगलवार (D) बुधवार
If Thursday will fall on 5th of a month, then which day will fall three days after the 20th of that month ?
(A) Sunday (B) Monday (C) Tuesday (D) Wednesday

68. छह लड़कियाँ, X, Y, Z, S, P और Q, एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर बैठी हैं। उन सभी का मुँह वृत्त के केंद्र की ओर है। P, Y और S के बीच में नहीं बैठी है, लेकिन समूह से कोई अन्य बैठी है। P और Q एक-दूसरे के विपरीत हैं। Z, S के बाएँ और P के दाएँ है। P के बाएँ कौन है ?
Six girls, X, Y, Z, S, P and Q, are sitting around a circular table. All of them are facing toward the centre of the circle. P is not sitting between Y and S, but someone else from the group is sitting there. P and Q are opposite to each other. Z is to the left of S and right of P. Who is left of P ?
(A) S (B) X (C) Y (D) Z

69. यदि कोई पक्षी पूर्व से पश्चिम की ओर उड़ता है, तो वह किस दिशा में उड़ रहा है ?
(A) दक्षिणी (B) उत्तरी (C) पूर्वी (D) पश्चिमी
If a bird flies from East to West, what direction is it flying in ?
(A) Southern (B) Northern (C) Eastern (D) Western

70. श्रृंखला 2, 5, 10, 17, ___ को पूरा कीजिए।
Complete the series 2, 5, 10, 17, ___.
(A) 26 (B) 24 (C) 28 (D) 32

71. 27 वस्तुओं का क्रय मूल्य x वस्तुओं के विक्रय मूल्य के समान है। यदि लाभ 35% है, तो x का मान क्या है ?
The cost price of 27 articles is the same as the selling price of x articles. If the profit is 35%, then the value of x is :
(A) 20 (B) 22 (C) 24 (D) 18


72. एक आदमी उत्तर की ओर 15 किमी जाता है, फिर पूर्व की ओर मुड़ता है और 15 किमी की दूरी तय करता है और बाईं ओर मुड़ता है। फिर से 15 किमी के बाद वह दाईं ओर मुड़ता है और गंतव्य तक पहुँचने के लिए 15 किमी की दूरी तय करता है। वह अपने प्रारंभिक बिंदु से कितनी दूर और किस दिशा में है ?
(A) $30\sqrt{2}$ किमी दक्षिण-पश्चिम (B) $30\sqrt{2}$ किमी उत्तर-पश्चिम
(C) $30\sqrt{2}$ किमी उत्तर-पूर्व (D) $30\sqrt{2}$ किमी दक्षिण-पूर्व
A man went 15 km towards North, then turned East and covered 15 km and turned to the left. Again after 15 km he turned to the right and covered 15 km to reach the destination. How far and in which direction is he from his starting point ?
(A) $30\sqrt{2}$ km South-West (B) $30\sqrt{2}$ km North-West
(C) $30\sqrt{2}$ km North-East (D) $30\sqrt{2}$ km South-East



Scanned with OKEN Scanner

Join Telegram Group "HaryanaJobs.in"

73. दिया गया ग्राफ़ चार अलग-अलग राज्यों में गाँवों की संख्या दिखाता है जहाँ विभिन्न वर्षों में विद्युतीकरण किया गया था।





गाँवों की संख्या

राज्य B में उन गाँवों की संख्या जहाँ 2014 में विद्युतीकरण किया गया था, राज्य D के गाँवों की संख्या का कितना प्रतिशत है जहाँ 2012 में विद्युतीकरण किया गया था ?

(A) 65% (B) 40% (C) 33.33% (D) 80%

The given graph shows the number of villages in four different states where electrification was done in different years.




Number of villages

The number of villages in State B where electrification was done in 2014 is what percentage of the number of villages in State D where electrification was done in 2012 ?

(A) 65% (B) 40% (C) 33.33% (D) 80%



Scanned with OKEN Scanner

Join Telegram Group "HaryanaJobs.in"

74. यदि W, X और Y की माँ है, तथा Z, X का पति है, तो Z के लिए W क्या है ?
(A) मामा (B) सास (C) माँ (D) बहन
If W is the mother of X and Y, and Z is the husband of X, then what is W to Z ?
(A) Uncle (B) Mother-in-law (C) Mother (D) Sister

75. वह संख्या ज्ञात कीजिए जिसे 15 : 19 के अनुपात के पदों से घटाया जाना चाहिए ताकि इसे 3 : 4 के बराबर बनाया जा सके।
Find the number that must be subtracted from the terms of the ratio 15 : 19 to make it equal to 3 : 4.
(A) 5 (B) 2 (C) 3 (D) 4

76. मीता की आय सीता की आय से 125% अधिक है। तो सीता की आय मीता की आय से कितने प्रतिशत कम है ?
Mita's income is 125% more than that of Sita. What percent is Sita's income less than that of Mita ?
(A) 55.55% (B) 2.5% (C) 124% (D) $22\frac{1}{2}$ %

77. जब हम लंबी विभाजन विधि से दो संख्याओं के महत्तम समापवर्तक (HCF) की गणना करते हैं, तो अंतिम विभाजक 2 होता है और क्रमिक भागफल पहले से अंतिम तक क्रमशः 2, 4 और 2 होते हैं। इन दो संख्याओं को ज्ञात कीजिए।
When we calculate the HCF of two numbers by long division method, the last divisor is 2 and the successive quotients from first to last are 2, 4 and 2 respectively. Find these two numbers.
(A) 12, 16 (B) 18, 40 (C) 16, 20 (D) 20, 24

78. दो रेलगाड़ियाँ विपरीत दिशा में 29 किमी/घंटा और 25 किमी/घंटा की गति से चल रही हैं। तेज गति वाली रेलगाड़ी धीमी गति की रेलगाड़ी में सवार एक व्यक्ति को 6 सेकण्ड में पार करती है। तेज गति वाली रेलगाड़ी की लंबाई ज्ञात कीजिए।
(A) 90 मी. (B) 85 मी. (C) 100 मी. (D) 110 मी.
Two trains are moving in the opposite directions at 29 km/hr and 25 km/hr. The faster train crosses a man in the slower train in 6 seconds. Find the length of the faster train.
(A) 90 m (B) 85 m (C) 100 m (D) 110 m

79. ₹ 53,240 की राशि 3 वर्षों में 10% चक्रवृद्धि ब्याज (वार्षिक संयोजित) पर जमा की जाती है। तो मूल राशि क्या है ?
A sum of ₹ 53,240 is accumulated in 3 years at 10% compound interest (compounded annually). What is the original amount ?
(A) ₹ 30,000 (B) ₹ 20,000 (C) ₹ 40,000 (D) ₹ 60,000

80. कुछ कृषि श्रमिकों की औसत मासिक आय (₹ में) S है और अन्य श्रमिकों की T है। यदि कृषि श्रमिकों की संख्या अन्य श्रमिकों की तुलना में 11 गुना है, तो सभी श्रमिकों की औसत मासिक आय (₹ में) कितनी है ?
The average monthly income (in ₹) of certain agricultural workers is S and that of other workers is T. If the number of agricultural workers is 11 times that of other workers, then the average monthly income (in ₹) of all the workers is :
(A) $\frac{1}{11\,S} + T$ (B) $\frac{S + 11\,T}{12}$ (C) $\frac{S + T}{2}$ (D) $\frac{11\,S + T}{12}$

81. एक चुनाव में दो उम्मीदवार थे। 75% मतदाताओं ने अपने मत डाले, जिनमें से 2% मत अवैध पाए गए। एक उम्मीदवार को 9261 वोट मिलते हैं जो कुल वैध वोटों का 75% है। तो नामांकित मतदाताओं की कुल संख्या ज्ञात कीजिए।
There were two candidates in an election. 75% of voters cast their votes, out of which 2% of the votes were found invalid. A candidate got 9261 votes which were 75% of total valid votes. Find the total number of voters enrolled.
(A) 26,600 (B) 11,600 (C) 16,800 (D) 16,505



Scanned with OKEN Scanner

Join Telegram Group "HaryanaJobs.in"

**82.** 250 मी. की दूरी से एक पुलिसकर्मी द्वारा एक चोर को देखा जाता है। जब पुलिसकर्मी पीछा करने लगता है, तो चोर भी भागने लगता है। यदि चोर की गति 16 किमी/घंटा हो और पुलिसकर्मी की गति 20 किमी/घंटा हो, तो चोर के पकड़े जाने से पहले वह कितनी दूर तक भागा होगा ?

(A) 950 मी. (B) 1000 मी. (C) 850 मी. (D) 700 मी.

A thief is spotted by a policeman from 250 m. When the policeman starts chasing, the thief also starts running. If the speed of the thief be 16 km/hr and that of the policeman be 20 km/hr, how far would the thief have run before he is caught ?

(A) 950 m (B) 1000 m (C) 850 m (D) 700 m

**83.** एक क्रिकेटर की 64 पारियों में रनों का एक निश्चित औसत था। अपनी 65वीं पारी में, वह अपनी ओर से बिना किसी स्कोर के आउट हो गया। इससे उसका औसत 2 रन कम हो जाता है। तो उसके रनों का नया औसत क्या है ?

A cricketer had a certain average of runs for his 64 innings. In his 65th inning, he is bowled out for no score on his part. This brings down his average by 2 runs. Then what is his new average of runs ?

(A) 168 (B) 130 (C) 128 (D) 170

**84.** दो वर्ष बाद चक्रवृद्धि ब्याज (वार्षिक संयोजित) की 10% दर पर ₹ 4,840 हो जाने वाली मूल राशि क्या होगी ?

What is the sum of money that becomes ₹ 4,840 at 10% rate of compound interest (compounded annually) after two years ?

(A) ₹ 1,500 (B) ₹ 4,000 (C) ₹ 4,500 (D) ₹ 3,400

**85.** X और Y एक कार्य को क्रमशः 12 दिनों और 18 दिनों में पूरा कर सकते हैं। उन्होंने एक साथ कार्य करना शुरू किया लेकिन 4 दिनों के बाद Y को छोड़ना पड़ा और X ने अकेले शेष कार्य पूरा किया। तो पूरा कार्य कितने दिनों में पूरा हुआ था ?

(A) $\frac{15}{3}$ दिन (B) 10 दिन (C) 18 दिन (D) $\frac{28}{3}$ दिन

X and Y can complete a work in 12 days and 18 days respectively. They started doing the work together but after 4 days Y had to leave and X alone completed the remaining work. In how many days was the whole work completed ?

(A) $\frac{15}{3}$ days (B) 10 days (C) 18 days (D) $\frac{28}{3}$ days

**86.** एक ठेकेदार 40 दिनों में एक सुरंग बनाने के कार्य का जिम्मा लेता है और 25 पुरुषों को नियोजित करता है। 24 दिनों के बाद, वह पाता है कि केवल एक-तिहाई सड़क ही बनी है। तो उसे कितने अतिरिक्त पुरुषों को नियुक्त करना चाहिए ताकि वह 4 दिन पहले काम पूरा करने में सक्षम हो ?

(A) 70 पुरुष (B) 100 पुरुष (C) 60 पुरुष (D) 75 पुरुष

A contractor undertakes to make a tunnel in 40 days and employs 25 men. After 24 days, he finds that only one-third of the road is made. How many extra men should he employ so that he is able to complete the work 4 days earlier ?

(A) 70 men (B) 100 men (C) 60 men (D) 75 men



Scanned with OKEN Scanner

Join Telegram Group "HaryanaJobs.in"

87. एक व्यापारी एक वस्तु को खुदरा विक्रेता को 20% छूट पर बेचता है, लेकिन डिलीवरी और पैकेजिंग के लिए रियायती (छूट वाले) मूल्य पर 10% शुल्क लेता है। खुदरा विक्रेता इसे ₹ 4,092 अधिक में बेचता है, जिससे 25% का लाभ अर्जित होता है। तो व्यापारी ने वस्तु को किस कीमत पर अंकित किया था ?

A trader sells one item to a retailer at a 20% discount, but charges 10% on the discounted price, for delivery and packaging. The retailer sells it for ₹ 4,092 more, thereby earning a profit of 25%. At what price had the trader marked the item ?

(A) ₹ 18,600 (B) ₹ 19,400 (C) ₹ 19,000 (D) ₹ 18,000

88. एक व्यक्ति ने एक वस्तु को 20% की हानि पर बेचा। यदि वह इसे ₹ 1,200 अधिक में बेच सकता, तो उसे 5% का लाभ होगा। वस्तु का क्रय मूल्य क्या है ?

A man sold an article at a loss of 20%. If he could sell it for ₹ 1,200 more, he would make a profit of 5%. What is the cost price of the article ?

(A) ₹ 7,800 (B) ₹ 4,700 (C) ₹ 4,800 (D) ₹ 4,850

89. $2^2 \times 3^5 \times 5^3$, $2^4 \times 3^2 \times 5$ का महत्तम समापवर्तक (HCF) ज्ञात कीजिए।

Find the HCF of $2^2 \times 3^5 \times 5^3$, $2^4 \times 3^2 \times 5$.

(A) $2^2 \times 3^2 \times 9$ (B) $2^2 \times 3^2 \times 5$ (C) $2^2 \times 3^2 \times 7$ (D) $2^2 \times 3^2 \times 8$

90. 90, 128, 144 का लघुतम समापवर्त्य (LCM) ज्ञात कीजिए।

Find the LCM of 90, 128, 144.

(A) 5764 (B) 5758 (C) 5760 (D) 5762

91. दो व्यक्तियों की सम्पूर्ण वेतन-लब्धियाँ बराबर हैं, लेकिन उनमें से एक को अपने मूल वेतन का 65% भत्तों के रूप में मिलता है जबकि दूसरे को अपने मूल वेतन का 80% भत्तों के रूप में मिलता है। तो पहले व्यक्ति के मूल वेतन का, दूसरे व्यक्ति के मूल वेतन से क्या अनुपात है ?

The total emoluments of two persons are the same, but one gets allowances to the extent of 65% of his basic pay and the other gets allowances to the extent of 80% of his basic pay. The ratio of the basic pay of the former to the basic pay of the latter is :

(A) 12 : 11 (B) 16 : 13 (C) 5 : 4 (D) 7 : 5

92. एक व्यापारी अंकित मूल्य पर 20% की छूट देता है। उसे अभी भी क्रय मूल्य पर 44% का लाभ होता है। यदि वह अंकित मूल्य पर बेचता है, तो लाभ % ज्ञात कीजिए।

A trader allows a discount of 20% on the marked price. He still has a profit of 44% on the cost price. Find the profit % if he sells at the marked price.

(A) 49% (B) 90% (C) 63% (D) 80%

93. एक गाँव के व्यापार मेले में, एक आदमी ₹ 5,125 की कुल राशि में एक घोड़ा और एक ऊँट खरीदता है। उसने घोड़े को 25% के लाभ पर और ऊँट को 20% की हानि पर बेच दिया। यदि वह दोनों जानवरों को समान मूल्य पर बेचता है, तो सस्ते जानवर का क्रय मूल्य कितना था ?

At a village trade fair, a man buys a horse and a camel for a total amount of ₹ 5,125. He sold the horse at a profit of 25% and the camel at a loss of 20%. If he had sold both the animals at the same price, then the cost price of the cheaper animal was :

(A) ₹ 2,000 (B) ₹ 6,900 (C) ₹ 8,500 (D) ₹ 2,500

94. दुनिया भर में आपदा जोखिम में कमी के लिए दिशानिर्देश और सहायता प्रदान करने के लिए कौन-सा संगठन जिम्मेदार है ?

Which organization is responsible for providing guidelines and assistance for disaster risk reduction worldwide ?

(A) UNESCO (B) WTO (C) WHO (D) UNDRR



Scanned with OKEN Scanner

Join Telegram Group "HaryanaJobs.in"

**95.** "एन एरा ऑफ़ डार्कनेस" पुस्तक किसने लिखी है ?
(A) पंडित सुन्दरलाल (B) क्रिस्टोफर बेली (C) आसफ अली (D) शशि थरूर
Who authored the book, "An Era of Darkness" ?
(A) Pandit Sunderlal (B) Christopher Bayly (C) Asaf Ali (D) Shashi Tharoor

**96.** G20 देशों में "G" अक्षर का क्या अर्थ है ?
(A) जनरल (B) ग्रेट (C) गुड (D) ग्रूप
What does the letter "G" stand for in G20 Nations ?
(A) General (B) Great (C) Good (D) Group

**97.** क्षेत्रकार्य-आधारित अनुसंधान को इस प्रकार वर्गीकृत किया गया है :
(A) जीवन संबंधी (B) प्रयोगसिद्ध (C) प्रयोगात्मक (D) ऐतिहासिक
Fieldwork-based research is classified as :
(A) Biographical (B) Empirical (C) Experimental (D) Historical

**98.** पूर्व राष्ट्रपति डॉ. अब्दुल कलाम की पी.यू.आर.ए. (पूरा) योजना संदर्भित करती है :
(A) शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के लिए एक योजना
(B) मेट्रो शहरों के विकास के लिए एक मॉडल
(C) शहरी-ग्रामीण संरेखण प्रदान करना
(D) ग्रामीण क्षेत्रों में शहरी सुविधाएँ उपलब्ध कराना
The PURA scheme by the former President Dr. Abdul Kalam refers to :
(A) A Plan for Urban and Rural Areas
(B) A model for the growth of the metro cities
(C) Providing Urban-Rural Alignment
(D) Providing Urban Amenities in Rural Areas

**99.** बाजरा का सबसे बड़ा उत्पादक राज्य कौन-सा है ?
(A) हरियाणा (B) राजस्थान (C) महाराष्ट्र (D) गुजरात
Which State is the largest producer of bajra ?
(A) Haryana (B) Rajasthan (C) Maharashtra (D) Gujarat

**100.** नरौरा परमाणु विद्युत संयंत्र उत्तर प्रदेश के किस जिले में स्थित है ?
(A) हाथरस (B) हमीरपुर (C) बुलंदशहर (D) हरदोई
The Narora Atomic Power Station is located in which district of Uttar Pradesh ?
(A) Hathras (B) Hamirpur (C) Bulandshahar (D) Hardoi

**101.** यूनाइटेड किंगडम की आधिकारिक मुद्रा क्या है ?
(A) पौंड स्टर्लिंग (B) येन (C) डॉलर (D) यूरो
What is the official currency of the United Kingdom ?
(A) Pound Sterling (B) Yen (C) Dollar (D) Euro

**102.** ग्रीनहाउस गैस क्या है ?
(A) गैस जो हाइड्रोजन छोड़ती है
(B) गैस जो अवरक्त विकिरण उत्सर्जित और अवशोषित करती है
(C) गैस जो कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करती है
(D) गैस जो ऑक्सीजन छोड़ती है
What is Greenhouse gas ?
(A) Gas that releases hydrogen
(B) Gas that emits and absorbs infrared radiation
(C) Gas that absorbs carbon dioxide
(D) Gas that releases oxygen



Scanned with OKEN Scanner

Join Telegram Group "HaryanaJobs.in"

103. प्रत्येक पंजीकृत आपूर्तिकर्ता को दी गई पहचान संख्या ________ है।
The identification number given to every registered supplier is ________.
(A) GSTIN (B) GST (C) HSN (D) IGST

104. साइबर सुरक्षित भारत पहल किस वर्ष शुरू की गई ?
In which year was the Cyber Surakshit Bharat Initiative launched ?
(A) 2016 (B) 2015 (C) 2017 (D) 2018

105. किस दिन को अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस के रूप में मान्यता प्राप्त है ?
(A) 11 जुलाई (B) 19 अगस्त (C) 21 सितम्बर (D) 14 नवम्बर
Which day is recognized as International Day of Peace ?
(A) 11th July (B) 19th August (C) 21st September (D) 14th November

106. भारत की पहली महिला प्रधान मंत्री कौन थी ?
(A) मायावती (B) इंदिरा गाँधी (C) सोनिया गाँधी (D) सरोजिनी नायडू
Who was the first female Prime Minister of India ?
(A) Mayawati (B) Indira Gandhi (C) Sonia Gandhi (D) Sarojini Naidu

107. निम्नलिखित में से कौन-सा भारत में सबसे बड़ा खाद का उत्पादक है ?
(A) राष्ट्रीय केमिकल्स एंड फर्टिलाइज़र्स लिमिटेड
(B) कोरोमंडल इंटरनेशनल लिमिटेड
(C) इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइज़र कोऑपरेटिव लिमिटेड
(D) गुजरात स्टेट फर्टिलाइज़र्स एंड केमिकल्स लिमिटेड
Which of the following is the largest fertiliser producer in India ?
(A) Rashtriya Chemicals and Fertilisers Ltd.
(B) Coromandel International Ltd.
(C) Indian Farmers Fertiliser Cooperative Limited
(D) Gujarat State Fertilisers and Chemicals Ltd.

108. मानव अधिकार संरक्षण अधिनियम कब लागू हुआ ?
(A) 10 अक्टूबर, 1993
(B) 10 जुलाई, 1993
(C) 28 सितंबर, 1993
(D) 12 सितंबर, 1993
The Protection of Human Rights Act came into force on :
(A) 10th October, 1993
(B) 10th July, 1993
(C) 28th September, 1993
(D) 12th September, 1993

109. भारत में कैशलेस अर्थव्यवस्था को भारत सरकार की ________ पहल के साथ बढ़ाया गया।
(A) बैंकिंग क्षेत्र का संकट (B) विमुद्रीकरण (C) स्वच्छ भारत (D) डिजिटल इंडिया
The cashless economy in India has been amplified with the Indian Government's initiative of ________.
(A) Banking sector crisis (B) Demonetization (C) Swachh Bharat (D) Digital India

110. किस प्राचीन भारतीय ग्रंथ को 'आयुर्वेद का विज्ञान' के नाम से जाना जाता है ?
(A) महाभारत (B) चरक संहिता (C) अर्थशास्त्र (D) मनुस्मृति
Which ancient Indian text is known as the 'Science of Ayurveda' ?
(A) Mahabharata (B) Charaka Samhita (C) Arthashastra (D) Manusmriti

111. भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में पंचायतों की स्थापना का प्रावधान है ?
(A) अनुच्छेद 246 (B) अनुच्छेद 243 (C) अनुच्छेद 250 (D) अनुच्छेद 245
Which Article of the Indian Constitution provides for the establishment of Panchayats ?
(A) Article 246 (B) Article 243 (C) Article 250 (D) Article 245



Scanned with OKEN Scanner

Join Telegram Group "HaryanaJobs.in"

112. किस दिन को विश्व मौसम विज्ञान दिवस के रूप में मनाया जाता है ?
(A) 19 जनवरी (B) 16 अप्रैल (C) 25 मार्च (D) 23 मार्च
Which day is celebrated as World Meteorological Day ?
(A) 19th January (B) 16th April (C) 25th March (D) 23rd March

113. एसएसी कोड में ____ अंक होते हैं।
SAC code consists of ___ digits.
(A) 10 (B) 4 (C) 5 (D) 6

114. 'भारत के लौह पुरुष' के रूप में किसे जाना जाता था ?
(A) भगत सिंह (B) जवाहरलाल नेहरू
(C) सरदार वल्लभभाई पटेल (D) सुभाष चंद्र बोस
Who was known as the 'Iron Man of India' ?
(A) Bhagat Singh (B) Jawaharlal Nehru
(C) Sardar Vallabhbhai Patel (D) Subhash Chandra Bose

115. भारत ने ब्रिटिश शासन से किस वर्ष में स्वतंत्रता प्राप्त की थी ?
In which year did India gain independence from British rule ?
(A) 1964 (B) 1945 (C) 1999 (D) 1947

116. 1997 में अपनाई गई किस अंतर्राष्ट्रीय संधि का उद्देश्य रासायनिक हथियारों के उत्पादन, भंडारण और प्रयोग को समाप्त करना है ?
(A) रासायनिक हथियार सम्मेलन (सी.डब्ल्यू.सी.)
(B) व्यापक परमाणु-परीक्षण-प्रतिबंध संधि (सी.टी.बी.टी.)
(C) जैविक हथियार सम्मेलन (बी.डब्ल्यू.सी.)
(D) परमाणु अप्रसार संधि (एन.पी.टी.)
Which international treaty, adopted in 1997, aims to eliminate the production, stockpiling and use o chemical weapons ?
(A) Chemical Weapons Convention (CWC)
(B) Comprehensive Nuclear-Test-Ban Treaty (CTBT)
(C) Biological Weapons Convention (BWC)
(D) Nuclear Non-Proliferation Treaty (NPT)

117. जम्मू और कश्मीर में 'वॉर अगेंस्ट वेस्ट' के लिए राजदूत के रूप में सितंबर 2023 में किसे नामित किया गया था ?
(A) विश्वनाथन आनंद (B) सचिन तेंदुलकर (C) विद्या बालन (D) कैप्टन बाना सिंह
Who was nominated as the Ambassador for 'War Against Waste' in Jammu and Kashmir i September 2023 ?
(A) Vishwanathan Anand (B) Sachin Tendulkar (C) Vidya Balan (D) Captain Bana Singh

118. कोशिका में राइबोसोम का मुख्य कार्य क्या है ?
(A) DNA प्रतिकृति (B) ऊर्जा उत्पादन (C) लिपिड संश्लेषण (D) प्रोटीन संश्लेषण
What is the main function of ribosome in a cell ?
(A) DNA replication (B) Energy production (C) Lipid synthesis (D) Protein synthesis

119. मैंग्रोव वितरण मुख्य रूप से अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह के निम्नलिखित भागों में से किसमें पाया जाता है ?
(A) लिटिल निकोबार (B) कार निकोबार (C) उत्तरी अंडमान (D) लिटिल अंडमान
The distribution of mangroves is mainly found in which of the following parts of the Andaman an Nicobar group of islands ?
(A) Little Nicobar (B) Car Nicobar (C) North Andaman (D) Little Andaman



Scanned with OKEN Scanner

Join Telegram Group "HaryanaJobs.in"

120. NOAA का मतलब है :
(A) राष्ट्रीय समुद्री और वायुमंडलीय संचालन (नेशनल ओशेनिक एंड एट्मोस्फेरिक एडमिनिस्ट्रेशन)
(B) राष्ट्रीय समुद्री और वायुमंडलीय संगठन (नेशनल ओशेनिक एंड एट्मोस्फेरिक एसोसिएशन)
(C) कोई संगठन ही नहीं (नो ऑर्गेनाइज़ेशन एट ऑल)
(D) कला प्रत्यायन के लिए राष्ट्रीय कार्यालय (नेशनल ऑफिस फॉर आर्ट्स ऐक्रिडिटेशन)
NOAA stands for :
(A) National Oceanic and Atmospheric Administration
(B) National Oceanic and Atmospheric Association
(C) No Organization At All
(D) National Office for Arts Accreditation

121. कौन-सा भारतीय राज्य चाय का प्रमुख उत्पादक है ?
(A) पश्चिम बंगाल (B) तमिलनाडु (C) केरल (D) असम
Which Indian State is the leading producer of tea ?
(A) West Bengal (B) Tamil Nadu (C) Kerala (D) Assam

122. संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् की भूमिका क्या है ?
(A) सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देना (B) वैश्विक व्यापार को विनियमित करना
(C) अंतर्राष्ट्रीय मानवीय सहायता की निगरानी करना (D) अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखना
What is the role of the United Nations Security Council ?
(A) To promote cultural exchange (B) To regulate global trade
(C) To oversee international humanitarian aid (D) To maintain international peace and security

123. भारत में, किस अधिनियम ने ग़ैर-कानूनी और आतंकवादी गतिविधियों से निपटने के लिए रूपरेखा प्रदान की ?
(A) UAPA (B) POSCO अधिनियम (C) MISA (D) DIR अधिनियम
In India, which Act provided the framework to deal with unlawful and terrorist activities ?
(A) UAPA (B) POSCO Act (C) MISA (D) DIR Act

124. 'ज्यामिति के जनक' के रूप में किसे जाना जाता है ?
(A) पाइथागोरस (B) केपलर (C) अरस्तू (D) यूक्लिड
Who is known as the 'Father of Geometry' ?
(A) Pythagoras (B) Kepler (C) Aristotle (D) Euclid

125. सोशल मीडिया संचार में एनालिटिक्स टूल्स (विश्लेषण उपकरण) का उपयोग करने का प्राथमिक लाभ क्या है ?
(A) कंटेंट संपादित करना (B) अवांछित उपयोगकर्ताओं को ब्लॉक करना
(C) प्रदर्शन को मापना (D) पोस्ट शेड्यूल करना
What is the primary benefit of using analytics tools in social media communication ?
(A) Editing content (B) Blocking unwanted users
(C) Measuring performance (D) Scheduling posts

126. ______ वह धन है जो वैध तरीकों से अर्जित किया जाता है और इसका हिसाब-किताब रखा जाता है, जिसके लिए आयकर या अन्य कर का भुगतान किया जाता है।
(A) नई मुद्रा (B) सफ़ेद धन (C) पुरानी मुद्रा (D) काला धन
______ is money that is earned through legitimate means and is accounted for, for which income tax or other tax is paid.
(A) New currency (B) White money (C) Old currency (D) Black money



Scanned with OKEN Scanner

Join Telegram Group "HaryanaJobs.in"

127. भारतीय संविधान की प्रस्तावना (उद्देशिका) में कौन-सा शब्द यह दर्शाता है कि भारत किसी भी बाहरी नियंत्रण से मुक्त है ?
(A) गणराज्य (B) संपूर्ण प्रभुत्व-संपन्न (C) समाजवादी (D) पंथनिरपेक्ष
Which term in the Preamble of the Indian Constitution signifies that India is free from any external control ?
(A) Republic (B) Sovereign (C) Socialist (D) Secular

128. भारत में निम्नलिखित में से कौन-सा पठार अरावली और विंध्य क्षेत्र के बीच स्थित है ?
(A) मारवाड़ का पठार (B) छोटा नागपुर पठार
(C) दक्कन का पठार (D) मालवा का पठार
Which among the following plateaus in India lie between the Aravali and the Vindhya region ?
(A) Marwar Plateau (B) Chota Nagpur Plateau
(C) Deccan Plateau (D) Malwa Plateau

129. सोशल मीडिया में "कंटेंट क्यूरेशन" शब्द का क्या अर्थ है ?
(A) अवांछित कंटेंट को ब्लॉक करना
(B) पुराने पोस्ट हटाना
(C) मूल कंटेंट बनाना
(D) अन्य स्रोतों से प्रासंगिक कंटेंट का चयन, आयोजन और साझाकरण
What does the term "content curation" refer to in social media ?
(A) Blocking unwanted content
(B) Deleting old posts
(C) Creating original content
(D) Selecting, organizing and sharing relevant content from other sources

130. पेनिसिलिन की खोज, जिसने चिकित्सा में क्रांति ला दी, का श्रेय इन्हें दिया जाता है :
(A) जोनास साल्क (B) लुई पाश्चर (C) अलेक्जेंडर फ्लेमिंग (D) रॉबर्ट कोख
The discovery of penicillin, which revolutionized medicine, is attributed to :
(A) Jonas Salk (B) Louis Pasteur (C) Alexander Fleming (D) Robert Koch

131. भारत – रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन का क्या महत्त्व है ?
(A) रणनीतिक साझेदारी और रक्षा सहयोग को मजबूत करना
(B) पर्यटन को बढ़ावा देना
(C) सांस्कृतिक गतिविधियों को विनियमित करना
(D) व्यापार बाधाओं को कम करना
What is the importance of India – Russia Annual Summit ?
(A) Strengthening strategic partnership and defence cooperation
(B) Promoting tourism
(C) Regulating cultural activities
(D) Reducing trade barriers

132. संबंधित शब्द ज्ञात कीजिए।
अभाज्य : भाज्य :: विषम : ?
(A) पूर्णांक (B) सम (C) धनात्मक (D) परिमेय
Find the related word.
Prime : Composite :: Odd : ?
(A) Integer (B) Even (C) Positive (D) Rational



Scanned with OKEN Scanner

Join Telegram Group "HaryanaJobs.in"

**133.** निम्नलिखित प्रश्न में, आपको दिए गए शब्द के साथ चार अन्य शब्द विकल्पों के रूप में दिए गए हैं। उनमें से एक शब्द को दिए गए शब्द के अक्षरों का उपयोग करके नहीं बनाया जा सकता। उस शब्द को पहचानिए।
दिया गया शब्द : "MATHEMATICS"

In the following question, you will find four additional words provided as alternatives alongside a given word. One of these words cannot be formed using the letters of the given word. Identify that word.
Given word : "MATHEMATICS"

(A) THEM (B) MATH (C) MATE (D) MATTER

**134.** सादृश्य पूरा कीजिए :

कुत्ता : केनल :: शेर : ____

(A) पेड़ (B) डेन (C) ओसारा (शेड) (D) मांद (बर्रो)

Complete the analogy :

Dog : Kennel :: Lion : ____

(A) Tree (B) Den (C) Shed (D) Burrow

**135.** वह विकल्प ज्ञात कीजिए जो प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आएगा।
Find out the alternative which will replace the question mark (?).

$243 : 23^4 :: 621 : ?$

(A) $12^3$ (B) $21^2$ (C) $62^2$ (D) $61^2$

**136.** यदि $p @ q = p^2 + q^2 + 2pq$, $p \# q = p^2 - q^2 - 2pq$ है, तो $(7 @ 2) \# 4$ का मान क्या है ?
If $p @ q = p^2 + q^2 + 2pq$, $p \# q = p^2 - q^2 - 2pq$, what is the value of $(7 @ 2) \# 4$ ?

(A) 5897 (B) 568 (C) 6480 (D) 493

**137.** श्रृंखला में लुप्त पद ज्ञात कीजिए।
Find the missing term in the series.

A5BC, A4CE, A3DG, ___, A1FK

(A) A2FI (B) A2EF (C) A2EG (D) A2EI

**138.** दी गई श्रृंखला में लुप्त संख्या ज्ञात कीजिए।
Find the missing number in the given series.

11, 15, 24, 40, 65, ?

(A) 90 (B) 95 (C) 100 (D) 101

**139.** एना 15 मीटर दक्षिण की ओर चलती है, फिर दाएँ मुड़ती है और 20 मीटर और चलती है। वह अपने शुरुआती बिंदु से कितनी दूरी पर और किस दिशा में है ?

(A) 23 मीटर पश्चिम (B) 25 मीटर दक्षिण-पश्चिम
(C) 26 मीटर उत्तर (D) 20 मीटर दक्षिण

Anna walks 15 meters south, then turns right and walks another 20 meters. How far and in which direction is she from her starting point ?

(A) 23 meters west (B) 25 meters south-west
(C) 26 meters north (D) 20 meters south

**140.** अनुक्रम में अगला पद ज्ञात कीजिए।
Find the next term in the sequence.

AB, ABB, ABBB, ABBBB, ?

(A) ABB (B) ABBB (C) ABBBB (D) ABBBBB



Scanned with OKEN Scanner

Join Telegram Group "HaryanaJobs.in"

**141.** एक स्कूल में कक्षा IX के छात्रों के चार सेक्शन A, B, C, D हैं।

| *परिणाम* | *सेक्शन A* | *सेक्शन B* | *सेक्शन C* | *सेक्शन D* |
|---|---|---|---|---|
| दोनों परीक्षाओं में अनुत्तीर्ण छात्र | 28 | 23 | 17 | 27 |
| अर्धवार्षिक परीक्षा में अनुत्तीर्ण लेकिन वार्षिक परीक्षा में उत्तीर्ण छात्र | 14 | 12 | 8 | 13 |
| अर्धवार्षिक परीक्षा में उत्तीर्ण लेकिन वार्षिक परीक्षा में अनुत्तीर्ण छात्र | 6 | 17 | 9 | 15 |
| दोनों परीक्षाओं में उत्तीर्ण छात्र | 64 | 55 | 46 | 76 |

उत्तीर्ण होने वाले छात्रों की संख्या के आधार पर दोनों परीक्षाओं के कठिनाई स्तर की तुलना करने के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है ?

(A) दोनों परीक्षाओं की कठिनाई स्तर के आधार पर तुलना नहीं की जा सकती।

(B) अर्धवार्षिक परीक्षा अधिक कठिन थी।

(C) वार्षिक परीक्षा अधिक कठिन थी।

(D) दोनों परीक्षाओं का कठिनाई स्तर लगभग समान था।

A school has four sections A, B, C, D of Class IX students.

| *Result* | *Section A* | *Section B* | *Section C* | *Section D* |
|---|---|---|---|---|
| Students failed in both exams | 28 | 23 | 17 | 27 |
| Students failed in half-yearly but passed in annual exams | 14 | 12 | 8 | 13 |
| Students passed in half-yearly but failed in annual exams | 6 | 17 | 9 | 15 |
| Students passed in both exams | 64 | 55 | 46 | 76 |

In the context of comparing the difficulty level of the two examinations based on the number of students passing, which of the following statements is true ?

(A) The two exams cannot be compared for difficulty level.


(B) Half-yearly exams were more difficult.

(C) Annual exams were more difficult.


(D) Both the exams had almost the same difficulty level.

**142.** निम्नलिखित में से कौन-सा आरेख भारत, हरियाणा और विश्व के बीच संबंध को सबसे अच्छा दर्शाता है ?

Which of the following diagrams best indicates the relation between India, Haryana and World ?

(A) 

(B) 

(C) 


(D) 



Scanned with OKEN Scanner


Join Telegram Group "HaryanaJobs.in"

**143.** आकृति का विश्लेषण करके, ज्ञात कीजिए कि कितनी लाल वस्तुएँ प्लास्टिक नहीं हैं।





(A) 25 (B) 22 (C) 23 (D) 24

Analysing the figure, find how many red objects are not plastic.





(A) 25 (B) 22 (C) 23 (D) 24

**144.** ग्राफ का अध्ययन कीजिए और कॉफी के क्षेत्र (त्रिज्यखंड) का कोण ज्ञात कीजिए।




(A) 90° (B) 30° (C) 60° (D) 72°

Study the graph and find the angle of sector of coffee.




(A) 90° (B) 30° (C) 60° (D) 72°



Scanned with OKEN Scanner

Join Telegram Group "HaryanaJobs.in"

145. एक निश्चित कोड भाषा में, यदि शब्द "PARTNER" को "OZQSMDQ" के रूप में कोडित किया जाता है, तो उसी भाषा में शब्द "SEGMENT" के लिए कोड क्या होगा ?

In a certain code language, if the word "PARTNER" is coded as "OZQSMDQ", then what is the code for the word "SEGMENT" in that language ?

(A) RDFLDMS (B) SERBCPT
(C) QWSARTH (D) TFHNFOU

146. दी गई कोड भाषा का उपयोग करके निम्नलिखित अभिव्यक्ति को सरल बनाइए, जहाँ '+', '×' को दर्शाता है, '×', '–' को दर्शाता है, '–', '÷' को दर्शाता है और '÷', '+' को दर्शाता है।

Simplify the following expression using the given code language, where '+' represents '×', '×' represents '–', '–' represents '÷' and '÷' represents '+'.

$16 \times 4 \div 4 + 14 - 2$

(A) 28 (B) 40 (C) 35 (D) 76

147. एक आदमी की ओर इशारा करते हुए, कल्याणी ने कहा, "उसका पोता मेरे भाई का इकलौता बेटा है।" वह आदमी कल्याणी से किस तरह संबंधित है ?

(A) भाई (B) भतीजा (C) पति (D) पिता

Pointing to a man, Kalyani said, "His grandson is the only son of my brother." How is the man related to Kalyani ?

(A) Brother (B) Nephew (C) Husband (D) Father

148. निम्नलिखित प्रश्न में, आपको दिए गए शब्द के साथ चार अन्य शब्द विकल्पों के रूप में दिए गए हैं। उनमें से एक शब्द को दिए गए शब्द के अक्षरों का उपयोग करके नहीं बनाया जा सकता। उस शब्द को पहचानिए।

दिया गया शब्द : "FORMATION"

In the following question, four other words are provided as alternatives alongside a given word. One of these words cannot be formed using the letters of the given word. Identify that word.

Given word : "FORMATION"

(A) MINOR (B) MAJOR (C) TRAIN (D) RATIO

149. सीमा पूर्व की ओर 8 km दौड़ी, फिर बाईं ओर मुड़ी और 6 km चलने लगी, फिर वह दाहिनी ओर मुड़कर 4 km चली। अंत में, वह दाईं ओर मुड़ी, 18 km चली और अपने घर पहुँची। प्रारंभिक बिंदु के सन्दर्भ में उसका घर किस दिशा में स्थित है ?

(A) उत्तर (B) पूर्व (C) दक्षिण-पूर्व (D) उत्तर-पूर्व

Seema ran 8 km towards east, then turned left and started walking 6 km, then she turned right and walked for 4 km. Finally, she took a right and walked for 18 km and reached her home. In which direction is her home located with respect to the starting point ?

(A) North (B) East (C) South-East (D) North-East

150. यदि '+', '÷' को दर्शाता है, '÷', '–' को दर्शाता है, '–', '×' को दर्शाता है, और '×', '+' को दर्शाता है, तो '$30 + 10 \div 6 - 5 \times 6$' का मान क्या है ?

If '+' represents '÷', '÷' represents '–', '–' represents '×', and '×' represents '+', then what is the value of '$30 + 10 \div 6 - 5 \times 6$' ?

(A) –21 (B) 12 (C) –10 (D) –14



Scanned with OKEN Scanner